Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा - नौवीं
विषय - हिन्दी व्याकरण शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

पुस्तक: सरस हिन्दी व्याकरण - नौं एवं दस

उपविषय - 'विशेषण बनाओ'

सुप्रभात प्यारे बच्चो!

आज हम कक्षा नौवीं की हिन्दी साहित्य की पाठ्य-पुस्तक सरस हिन्दी व्याकरण की पृष्ठ संख्या 237 पर दिए प्रत्ययों के योग से विशेषणों की रचना का अभ्यास करेंगे।

बच्चो! हिन्दी में प्रयोग किए जाने वाले विशेषण दो प्रकार के होते हैं :-

(क) मूल विशेषण - जैसे बड़ा, अच्छा, लंबा, छोटा, चतुर, निपुण आदि।

(ख) व्युत्पन्न विशेषण - ऐसे विशेषण जो संज्ञा, क्रिया, सर्वनाम, अव्यय आदि शब्दों से बनाए गए हैं जैसे - 'नमक' संज्ञा से 'नमकीन', 'चलना' क्रिया से 'चालू', 'वह' सर्वनाम से 'वैसा', 'ऊपर' अव्यय से ऊपरी आदि।

व्युत्पन्न विशेषणों की रचना मुख्य रूप से तीन प्रकार से की जा सकती है :-

(i) शब्द से पूर्व उपसर्ग का प्रयोग करके जैसे 'बल' शब्द से दुर् उपसर्ग जोड़कर 'दुर्बल'।

(ii) शब्द के अंत में प्रत्यय जोड़कर जैसे 'रंग' शब्द के अंत में ईन प्रत्यय जोड़कर 'रंगीन'।

(iii) उपसर्ग और प्रत्यय दोनों का प्रयोग करके जैसे - 'न्याय' शब्द से पूर्व 'अ' उपसर्ग तथा अंत में

कक्षा - नौवीं शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी व्याकरण ( विशेषण बनाओ )



'ई' प्रत्यय का प्रयोग करके जैसे अ + न्याय + ई = 'अन्यायी'।

बच्चो ! पिछले सत्र में आपको विशेषण की रचना 'नीय' प्रत्यय जोड़कर तक की है। आज हम कुछ और आगे फिर विशेषण की रचना पर चर्चा करेंगे। जो इस प्रकार हैं।

'आलु' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| ईर्ष्या | ईर्ष्यालु | दया | दयालु |
| श्रद्धा | श्रद्धालु | कृपा | कृपालु |

'आ' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| भूख | भूखा | प्यास | प्यासा |
| ठंड | ठंडा | नील | नीला |

'इल' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| ऊर्मि | ऊर्मिल | पंक | पंकिल |
| स्वप्न | स्वप्निल | धूम | धूमिल |

'निष्ठ' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| कर्तव्य | कर्तव्यनिष्ठ | सत्य | सत्यनिष्ठ |
| धर्म | धर्मनिष्ठ | तप: | तपोनिष्ठ |

'मान' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| गति | गतिमान | शक्ति | शक्तिमान |
| श्री | श्रीमान | बुद्धि | बुद्धिमान |

कक्षा - नौवीं शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी व्याकरण ('विशेषण बनाओ')



'वान' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| धन | धनवान | बल | बलवान |
| गुण | गुणवान | विद्या | विद्यावान |

'शाली' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| गौरव | गौरवशाली | ऐश्वर्य | ऐश्वर्यशाली |
| भाग्य | भाग्यशाली | बल | बलशाली |

'वाला' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| चाय | चायवाला | दूध | दूधवाला |
| घड़ी | घड़ीवाला | पैसा | पैसेवाला |

'अव' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| कुरु | कौरव | गुरु | गौरव |
| रघु | राघव | विष्णु | वैष्णव |

'मय' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| दुख | दुखमय | सुख | सुखमय |
| आनंद | आनंदमय | जल | जलमय |

'एरा' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
|---|---|---|---|
| चाचा | चचेरा | मामा | ममेरा |
| फूफा | फुफेरा | साँप | सपेरा |

कक्षा - नौवीं          शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा
विषय - हिन्दी व्याकरण (विशेषण बनाओ)



'कार' प्रत्यय जोड़कर

| शब्द | विशेषण | शब्द | विशेषण |
| --- | --- | --- | --- |
| पत्र | पत्रकार | साहित्य | साहित्यकार |
| कला | कलाकार | कहानी | कहानीकार |

बच्चो ! आज हमने विशेषण बनाओ 'कार' प्रत्यय तक ही करेंगे। आप सभी ने यहाँ तक पुनः पढना है एवं याद करना है।

गृहकार्य

सभी छात्र अपनी-अपनी व्याकरण की पुस्तक की पृष्ठ संख्या 239, 240 एवं 241 पर दिए प्रत्यय जोड़कर विशेषण की रचना को 'आलु' प्रत्यय जोड़कर से 'कार' प्रत्यय जोड़कर तक पढ़ेंगे, समझेंगे एवं इन्हें अपनी-अपनी व्याकरण की उत्तर-पुस्तिका में लिखकर याद करेंगे।

धन्यवाद।

[अंतिम पृष्ठ]